an>

Title: Regarding providing wages to the workers who worked in Khetri Copper Complex.

श्रीमती संतोÂष अहलावत (झुंझुनू): उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बहुत गंभीर और महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलने का मौका दिया है।

मैं आपके माध्यम से माननीय खान मंत्री जी से अपने संसदीय क्षेत्र झुंझुनू जिले में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड द्वारा संचालित खेतरी कॉपर कॉम्प्लेक्स में ठेके पर काम कर रहे ठेकाकर्मियों के एक मार्च से दिए जा रहे धरने की तरफ दिलाना चाहती हूं। कॉपर कॉम्प्लेक्स कभी इस धरा की पहचान होता था, आज इतिहास के पन्नों में गुम होता नज़र आ रहा है। समेलटर रिफाइनरी अमल और उर्वरक प्लांट अब बंद हो गए हैं, वहां सन्नाटा पसरा हुआ है। टीसीएल कम्पनी और एनपीपीएल का कार्यकल्प खत्म हो गया है। महोदय, गरीब मजदूर मुआवजा नहीं मांग रहे हैं, बल्कि अपनी मजदूरी मांग रहे हैं और ठेकाकर्मियों को बिना नोटिस दिए हटा दिया गया है, लेकिन उन्हें कम से कम उनकी मजदूरी देने का काम तो किया जाए।

HON. DEPUTY SPEAKER: Kunwar Pushpendra Singh Chandel, Dr. Manoj Rajoria, Shri Ramcharan Bohra and Shri Bhairon Prasad Mishra are permitted to associate with the issue raised by Shrimati Santosh Ahlawat.